भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
तारांकित प्रश्न सं. 235 का उत्तर

सैनिक एक्सप्रेस

***235. श्री नरेन्द्र कुमार:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सैनिक एक्सप्रेस 14021/14022 को दैनिक आधार पर चलाये जाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो यह प्रचालन कब तक शुरू किये जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्‌योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्‌य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

सैनिक एक्सप्रेस के संबंध में दिनांक 10.03.2021 को लोक सभा में श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं.235 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): कोविड-19 वैश्विक महामारी से पहले, गाड़ी सं.14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जयपुर सैनिक एक्सप्रेस को सप्ताह में 3 दिन परिचालित किया जा रहा था और अब इस की बारंबारता को सप्ताह में 3 से 4 दिन बढ़ाने का विनिश्चय किया गया है। बहरहाल, मौजूदा स्थिति को देखते हुए, इस गाड़ी को सप्ताह में 3 दिन विशेष सेवा के रूप में परिचालित किया जा रहा है। इसकी बारंबारता बढ़ाने में परिचालनिक तंगियों को देखते हुए, इसे दैनिक गाड़ी के रूप में चलाना, फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

******